प्रेस नोट

रन फॉर यूनिटी

सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल मेरठ कैंट में शनिवार 5.10.2019 को आठवां "रन फॉर यूनिटी" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दिल्ली से आए टीम "रन फॉर यूनिटी" के साथ स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती चंद्रलेखा जैन जी ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का प्रारंभ किया और सभी को देश और विश्व शांति का संदेश दिया ।मशाल जलाकर स्कूल की स्पोर्ट कैप्टन को दी गई, जिसे लेकर दौड़ की शुरुआत की गई। उसके बाद दिल्ली से आई टीम व सभी छात्र छात्राएं अपने अपने टीम लीडर के साथ जोश और उल्लास के साथ अपनी मंजिल की ओर दौड़ पड़े। कोऑर्डिनेटर जिलियन जी सभी को सर्व धर्म से संबंधित सहयोग, त्याग और एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन बहुत सुंदर तरीके से किया गया। स्कूल के प्रांगण में बहुत से सुंदर और मनोरंजक खेल कूद का आयोजन किया गया ।जिसमें बच्चों ने एकता और संगठन के साथ खेलों में हिस्सा लिया। प्रधानाचार्य श्रीमती चंद्रलेखा जैन जी ने एक कबूतर के जोड़े को आकाश में उड़ाया, जोकि देश और विश्व शांति का संदेश देता है। अंत में विजेता टीमों को पुरस्कृत करके सम्मानित किया गया।